प्रो. शैलेंद्र सिंह आईआईएम लखनऊ में देंगे सेवा

आईआईएम रांची में नया निदेशक नियुक्त नहीं होने तक प्रो. पीके बाला रहेंगे प्रभारी

रांची. आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. डॉ. शैलेंद्र सिंह ने संस्थान में अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। अब वे आईआईएम लखनऊ में प्रोफेसर के रूप में सेवा देंगे। प्रो. पीके बाला को आईआईएम रांची का प्रभारी बनाया गया है। प्रो. डॉ. शैलेंद्र सिंह के कार्यकाल के दौरान संस्थान व छात्रों ने कई उपलब्धियां अपने नाम किए। इनके कार्यकाल में एनआईआरएफ रैंकिंग 2018 में 40 से सुधार कर 2020 में 20 कर लिया। उन्होंने बताया कि जब वे संस्थान में आए थे तब



प्रो. डॉ. शैलेंद्र सिंह

अलग-अलग कोर्स में कुल 175 स्टूडेंट्स व 22 फैकल्टी थे। वहीं, अभी 1020 स्टूडेंट्स व 60 फैकल्टी हैं। स्थाई परिसर का निर्माण 8 साल बाद शुरू हुआ, जो अब बन कर तैयार होने वाला है। संस्थान में 3 केंद्रों की स्थापना हुई, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी नेतृत्व, नीति और शासन केंद्र, जनजातीय मामलों के लिए बिरसा मुंडा केंद्र और रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस शामिल हैं। संस्थान को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप कार्यक्रम में भागीदारी के लिए चयन किया गया। वहीं 3 नए कोर्स भी शुरू किए गए। जिसमे प्रबंधन में 5 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स, बिजनेस एनालिटिक्स में 2 साल का एमबीए और अधिकारियों के लिए 2 साल का एमबीए शामिल हैं।

Dainik Bhaskar_08.03.2022_Pg. 04